FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत––जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

मोहर बाई बनाम तहसीलदार मण्डावर एवं अन्य

किस्म मुकदमा– स्थानान्तरण प्रा0पत्र नम्बर––––––––––––––––

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर [illegible] अहकाम [illegible] हुक्म की [illegible] में जारी [illegible]
25.8.2023	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 2 से 5 उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 2 से 5 ने बहस में दलील दी कि दिनांक 23.5.2023 को तहसीलदार मण्डावर के पद पर कार्यरत पीठासीन अधिकारी वर्तमान में कार्यरत नहीं है। पीठासीन अधिकारी तहसीलदार मण्डावर के पद पर अन्य पीठासीन अधिकारी कार्यरत है। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचत्य नहीं रह गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थी एवं राजकीय अधिवक्ता ने उक्त स्थानान्तरण प्रा0पत्र को खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रा0पत्र प्रस्तुत किया गया है उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। अतः स्थानान्तरण प्रा.पत्र विचाराधीन रखे जाने का अब कोई औचित्य नही रहा गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति तहसीलदार मण्डावर को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। जिला कलेक्टर दौसा सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official जिला कलक्टर दौसा	